## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **सेना की पूर्वी कमान ने रांची में आयोजित किया अलंकरण समारोह, 42 जवानों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से किया गया सम्मानित।**
2. **जम्मू में शहीद हुए हजारीबाग के कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर आज पहुंचेगा झारखंड, पैतृक जिला हजारीबाग में नम आंखों से दी जायेगी विदाई।**
3. **राज्य में गैर पुलिसकर्मियों को भी तीन नये अपराधिक कानूनों का दिया जायेगा प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय ने सभी एसपी को दिये निर्देश।**
4. **महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का शाही स्नान जारी, श्रद्धालुओं पर की गयी फूलों की वर्षा, आज ढाई करोड़ श्रद्धालु लगायेंगे आस्था की डुबकी।**
5. **पूरे देश में आज मनायी जा रही है संत रविदास की जयंती, झारखंड में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन, राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।**

***************************

रांची सैन्य स्टेशन में आयोजित पूर्वी कमान अलंकरण समारोह में भारतीय सेना के अधिकारियों और सैनिकों को वीरता पूर्ण कार्यों और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी समेत सेना के अन्य अधिकारियों ने सैनिकों सम्मानित किया। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता और अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए विभिन्न सैन्य इकाइयों को जीओसी–इन–सी यूनिट प्रशंसा से भी सम्मानित किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना सभी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है।

***************************

जम्मू–कश्मीर के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास आइइडी विस्फोट में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर आज रांची पहुंचेगा। रांची पहुंचने के बाद सुरक्षित वाहन से पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास हजारीबाग ले जाया जायेगा।

***************************

राज्य में गैर पुलिसकर्मियों को भी तीन नये अपराधिक कानून का प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिनमें डॉक्टर, नर्स, सहायक चिकित्सक शामिल हैं। इस सिलसिले में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित डीजी और आईजी कॉन्फ्रेंस 2024 में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रत्येक जिला में गैर पुलिसकर्मियों को नये आपराधिक कानून के तहत उनकी भूमिका और जिम्मेदारी के संबंध में प्रशिक्षित किया जाना है। दूसरी तरफ पुलिस मुख्यालय ने जिलों के एसपी को आदेश जारी कर कहा है कि आई गौट कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का निबंधन सुनिश्चित कराना अनिवार्य है।

***************************

परीक्षा पे चर्चा– 2025 के दूसरे एपिसोड में जानी–मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने आज छात्रों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया। दीपिका पादुकोण ने कहा कि छात्रों को स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए और अगर कोई गलती हो तो घबराना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छात्रों के साथ बातचीत का हवाला देते हुए फिल्म अभिनेत्री ने कहा कि छात्रों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहिए और कभी भी दबाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को कलंक नहीं माना जाना चाहिए और ऐसी किसी समस्या का सामना करने वाले लोगों को हमेशा अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहिए।

***************************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री के प्रभार वाले विभागों के सवालों का जवाब देने के लिए मंत्रियों को अधिकृत किया गया है। चमरा लिंडा, रामदास सोरेन, योगेन्द्र प्रसाद, सुदीव्य कुमार और दीपक बिरुआ को अलग–अलग विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जिनमें महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, विधि विभाग, सूचना एवं जन–संपर्क विभाग सहित अन्य विभाग शामिल हैं।

***************************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने देवघर के मोहनपुर, मधुपुर, मारगोमुंडा और कुंडा थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर इस छह संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड और एटीएम कार्ड मिले हैं, जिनकी जांच टेक्निकल टीम द्वारा की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

***************************

रांची पुलिस ने स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या के आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने जेल में बंद भोला सिंह, गौतम यादव, संजय सिंह, सुग्रीम सिंह, राजेश महतो और राजेंद्र महतो के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य और जांच के आधार पर कांड को सत्य बताते हुए चार्जशीट दाखिल की है। इस हत्याकांड के अनुसंधानकर्ता ने कोर्ट में 51 गवाहों की सूची और अन्य साक्ष्य भी जमा किये हैं।

***************************

साइबर अपराध के विरुद्ध लोगों को जागरुक करने के लिए सरायकेला–खरसांवा जिले में विशेष पहल की जा रही है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

***************************

महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाये गये। प्रयागराज में संगम से 10 किलोमीटर तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। आज ढाई लाख श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की संभावना है।

***************************

आज पूरे देश में संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। वे 14वीं सदी के महान संत थे। उनके अनुयायी हर वर्ष माघी पूर्णिमा पर वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर में उनकी जयंती मनाने के लिए एकत्र होते हैं।

इधर, झारखंड में भी संत रविदास जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा कई मंत्रियों, विधायकों और नेताओं ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उनका जीवन सत्य, शिक्षा और सामाजिक सुधार के प्रति समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सामाजिक सौहार्द, भक्ति, प्रेम और समानता का संदेश देने वाले परम ज्ञानी संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर शत–शत नमन। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी संत रविदास को नमन किया है। उन्होंने कहा है कि गुरु रविदास ने अपने ज्ञान, कर्म, समानता और भाईचारे के पवित्र भाव से जीवन जीने की शिक्षा दी।

************समाप्त************